>

Title : Need to appoint gatekeepers at all the unmanned railway crossings to prevent the growing number of rail accidents.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। पूरे देश में लगातार दो-तीन महीने के अंदर काफी रेल दुर्घटनाए हुई हैं जिनमें सैंकड़ों लोगों की जानें गयी हैं। इसमें करोड़ों रुपये की रेल सम्पत्ति और आम जनता को नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं, ओवरब्रिज और मानव रहित रेलवे क्रासिंग के जो गेट थे, वहां भी किसानों द्वारा ट्रकों और ट्रैक्टरों से जाने में दुर्घटनाएं हुई हैं। इसके दो कारण हैं - एक कारण यह है कि प्रधान मंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत रेलवे लाइन के समीप जो गांव हैं, उन्हें जोड़ने के लिए सड़कें बना दी गयीं, लेकिन वहां रेलवे का कोई फाटक नहीं लगाया गया। उन गांवों का पक्की सड़कों से सम्पर्क हो गया और लोग आने-जाने लगे। नतीजा यह हुआ कि उससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

हमारी मांग है कि इस चीज को ध्यान में रखा जाये और जहां मानव रहित रेलवे फाटक हैं वहां रेलवे फाटक बनाये जायें। दूसरा, रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत भी सड़कों ...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप डिमांड करिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री रामकिशुन : मैं डिमांड ही कर रहा हूं कि वहां सड़क बनीं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप एक टॉपिक पर बोलिये।

श्री रामकिशुन : मैं एक ही टॉपिक पर बोल रहा हूं। उसी प्रकार हमारे जनपद चन्दौली में जहां रेलवे के फाटक हैं, वहां रेलवे लाइन जिला मुख्यालय को दो भागों में बांट देती हैं। वहां रेलवे फाटक हैं लेकिन ओवरब्रिज की जरूरत है। एक तरफ न्यायालय है, तो दूसरी तरफ दूसरी न्यायालय है। इसका नतीजा यह है कि लोगों को आने जाने में, मरीजों को आने-जाने में दिक्कत होती है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि जनपद चंदौली मुख्यालय पर ओवरब्रिज बनाया जाए और देश में विभिन्न स्थानों पर जो मानवरहित रेलवे फाटक हैं, उन पर फाटक लगाए जाएं जिससे देश की जानमाल की सुरक्षा हो और भारत सरकार की रेलवे की करोड़ों-अरबों रूपए की सम्पत्ति का जो नुकसान हो रहा है, उसको बचाया जा सके।